हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 जून 2025

11 आईटीआई में दाखिले के आवेदन के लिए केवल दो दिन बचे शेष



12 मानसून देने वाला है दस्तक, अधूरी पड़ी नालों की सफाई...



## खबर संक्षेप

### गर्म पानी से झुलसे कर्मचारी ने तोड़ा दम

**बहादुरगढ़।** आसौदा स्थित एक कंपनी में काम के दौरान झुलसे कर्मचारी ने दो सप्ताहबाद दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 27 वर्षीय उत्तम के रूप में हुई है। यूपी के सीतापुर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह यहां सांखोल में रह रहा था और आसौदा स्थित एक क्वॉइल कंपनी में काम करता था। गत 9 जून को वह कंपनी में काम करते वक्त गर्म पानी से भरे ड्रम में गिर गया। इस दौरान उसका आधा शरीर बुरी तरह से झुलस गया। तब से वह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती था। उसकी हालत नाजुक थी। मंगलवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लिए। इसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी। परिजनों द्वारा किसी तरह की शिकायत न देने की बात सामने आई है। लिहाजा उनके बयान पर घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है।

### ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य ने सीएम से की शिकायत

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से कहा कि बहादुरगढ़ में हो रहे विकास कार्यों में धांधली बरती जा रही है। कुछ अधिकारी व ठेकेदार मिलकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। इस वजह से आमजन को परेशानी हो रही है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता नहीं है तो नालों की सफाई भी ठीक से नहीं हो रही।

### युवक को गोली मारने वाला जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। मंगलवार को अदालत में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया। मामले में जानकारी देते हुए लाइनपार थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि वत्स कॉलोनी के निवासी कुणाल ने शिकायत दी थी कि आठ जून को वह अपने दोस्त के साथ किसी काम के लिए जा रहा था। रास्ते में हमें गौरव निवासी लाइनपार मिल गया। टरसाइकिल पर बैठाकर वह हमें अपने घर ले गया। जहां पर गौरव के साथ मेरी कहासुनी हो गई। इस दौरान गौरव ने जान से मारने की नीयत से मेरे फायर कर दिया। मेरे पांव में गोली लगी। एसएचओ ने बताया कि मामले में तब से आरोपी की तलाश की जा रही थी। अब उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गौरव मूलतः पानीपत से है और फिलहाल यहां लाइनपार में रहता है। रिमांड अवधि में उसने वारदात का खुलासा कर दिया। उसके पास से देशी पिस्तौल व कारतूस बरामद किया गया है।

## घर-घर कूड़ा उठान न होने से लोगों को परेशानी

# दो माह का वेतन न मिलने से कर्मियों में रोष

कर्मचारी नप अधिकारियों व ठेकेदार के आने का इंतजार करते रहे। जब दोपहर करीब बारह बजे तक कोई अधिकारी जब उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा तो वे निराश होकर अपने-अपने घरों को लौट गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर





झज्जर। पुराने नगर पालिका भवन में एकत्रित कूड़ा उठाने वाले कर्मचारी व अंबेडकर चौक पर सफाई कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा कूड़ा उठान। फोटो: हरिभूमि

डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के कार्य में लगे कर्मचारियों ने मंगलवार को भी अपना काम बंद रखा। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले दो माह से वेतन नहीं मिल रहा। जिस कारण उन्हें घर खर्च चलाने में भी परेशानी आ रही है।

इसी संबंध में वे पहले तीन दिनों तक हड़ताल कर भी कर चुके हैं, लेकिन नगर परिषद अधिकारियों के कहने व ठेकेदार द्वारा सप्ताह भीतर बकाया वेतन उनके खातों में डालने के आश्वासन पर वे फिर से काम पर लौट आए थे, लेकिन ठेकेदार द्वारा दी गई समय सीमा भी बीते शनिवार को समाप्त हो चुकी है और उनके खातों में अभी तक वेतन नहीं डाला गया। जिस कारण कर्मचारियों में रोष है। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारी रोहित बिड़लान, मुकेश चंदा, धर्म कांगड़ा, शिव कुमार, राजेंद्र काटीवाल, राजकुमार, रवि चंदा, जोगेंद्र, सतीश, अमन, सागर, अमित, विक्की, सन्नी, राजेश आदि ने बताया कि इसी रोष के कारण उन्होंने मंगलवार को अपनी गाड़ियां नहीं निकाली। वे नप अधिकारियों व ठेकेदार के आने का इंतजार करते रहे। जब दोपहर करीब बारह बजे तक कोई अधिकारी जब उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा तो वे निराश होकर अपने-अपने घरों को लौट गए।

### कर्मचारियों ने रखा काम बंद

*बकाया वेतन न मिलने से रोषित कर्मचारी जब पुराने नगरपालिका भवन परिसर में डोर-टू-डोर कर्मचारी अपना काम बंद किए हुए थे उस दौरान नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर के विभिन्न डंपिंग प्वाइंटों से कूड़ा उठान किया जा रहा था। सफाई कर्मचारियों द्वारा बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, दिल्ली गेट, पुराना बस स्टैंड, सीताराम गेट, आदि स्थानों से कूड़ा उठाया गया।*

### कूड़ा उठान की गाड़ी न पहुंचने से परेशानी

घर-घर कूड़ा उठान वाली गाड़ी न पहुंचने के कारण लोगों को परेशानी आ रही है। गलियों में भी कूड़े की ढेरियां लगनी चालू हो गई। गाड़ी न पहुंचने के कारण लोगों द्वारा घरों का कूड़ा कर्कट अब गली के छोर पर डाला जा रहा है। महिला शर्मिला, सरोज, निशा, पूनम आदि ने कहा कि पिछले कई दिनों से कूड़ा उठान वाली गाड़ी नहीं आ रही है। जिसके कारण डस्टबिन भर जाता है तो उसे दूर जाकर गिराकर आना पड़ता है। जिससे उन्हें परेशानी हो रही है।



बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन देते निजी स्कूल संचालक। फोटो: हरिभूमि

# निजी स्कूलों पर कार्रवाई न करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जयबीर कौशिक ने मंगलवार को एसडीएम नसीब कुमार को ज्ञापन दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम इस ज्ञापन पत्र के माध्यम से निजी स्कूलों पर चल रही कार्रवाई को रोकने तथा समाधान करने की गुहार लगाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि हरियाणा में लगभग 30 हजार निजी स्कूल हैं। यदि ये स्कूल बंद किए जाते हैं तो लगभग तीन लाख परिवारों पर रोजी रोटी का संकट छा जाएगा। एक प्रदेश के लिए यह बहुत आंकड़ा है। इनमें से कुछ स्कूल 2003 से पहले से स्थापित हैं और उस समय से पहले सरकार द्वारा कोई नियमावली नहीं बनी थी। ये धारा 38 के अंतर्गत आते हैं, जिनमें स्कूलों को कोई नई मान्यता लेने की आवश्यकता नहीं है और ये हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय के द्वारा भी आदेशित है। इसलिए इस मामले पर संज्ञान लिया जाए। निजी स्कूलों पर कार्रवाई के बजाय उचित रास्ता निकाला जाए।

# गन्ना गोदाम पर कार्य करने वाले प्रवासी श्रमिक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर के सुभाष नगर क्षेत्र में गन्ना गोदाम पर कार्य करने वाले एक प्रवासी श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह उसका शव मकान में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा आस-पास व उसके साथ काम करने वाले लोगों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल पहुंच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मृतक की पहचान यूपी के नारायणपुर गांव निवासी करीब 45 वर्षीय पप्पु पुत्र भोलानाथ के तौर पर हुई है। पप्पु शहर के रेजांगला चौक स्थित सुक्रमपाल के गन्ना गोदाम में काम करता था। मूल रूप से खातीवास निवासी सुक्रमपाल ने बताया कि पप्पु उनके पास पिछले करीब दस वर्षों से काम करता है तथा फिलहाल सुभाष नगर स्थित उसी के मकान में रहा था। सुबह उन्हें पप्पु के फांसी लगाए जाने की सूचना मिली। पुलिस द्वारा लोगों की सहायता से मृतक के शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मृतक के परिजनों के पहुंचने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम हो पाएगा। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। गन्ना गोदाम मालिक से मामले की जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मी।

# चेयरपर्सन के खिलाफ दी गई शिकायत दफ्तर दाखिल

- जांच अधिकारी के सामने पार्षदों ने किया शिकायत से इंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ब्लॉक समिति चेयरपर्सन वर्षा गौतम के खिलाफ दी गई शिकायत दफ्तर दाखिल कर दी गई है। मंगलवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समक्ष पेश हुए किसी भी ब्लॉक समिति सदस्य ने आपत्ति या शिकायत नहीं दर्ज कराई।

दरअसल, पिछले कुछ समय से ब्लॉक समिति में गुटबाजी हावी है। कुछ सदस्यों ने चेयरपर्सन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। हाल ही में चेयरपर्सन वर्षा गौतम व उनके पति सत्यवान सहित कुछ भाजपा नेताओं के खिलाफ मुख्यमंत्री को शिकायत दी गई थी। दबंगई करने, राशि का दुरुपयोग करने, धमकी देने सहित कई गंभीर आरोप थे। यह शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय से विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक को भेजी गई। जिसके बाद झज्जर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को जांच के लिए भेजी गई। उन्होंने चेयरपर्सन सहित तमाम समिति सदस्यों को 24 जून को तलब किया था।

मंगलवार 24 जून को चेयरपर्सन वर्षा गौतम व समिति सदस्य जांच अधिकारी के समक्ष पेश हुए। चेयरपर्सन ने अपना स्पष्टीकरण दिया।

वहीं कुछ पार्षदों ने लिखित में पत्र देकर कहा कि चेयरपर्सन के खिलाफ दी गई शिकायत झूठी व बेबुनियाद है। हमने कोई शिकायत नहीं दी। इस शिकायत पर 14 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। लगभग 25 ब्लॉक समिति सदस्य मौके पर मौजूद थे। बताते हैं कि इनमें से किसी ने भी जांच अधिकारी के समक्ष शिकायत नहीं दी। चेयरपर्सन वर्षा का कहना है कि हमने कोई गलत काम नहीं किया है। गुमनाम शिकायत में हम पर जो आरोप थे, उसका जवाब भी अधिकारी को दे दिया है।



बहादुरगढ़। जांच अधिकारी के कार्यालय में मौजूद चेयरपर्सन व समिति सदस्य।

### शिकायतकर्ता सामने नहीं आया

बीडीओ के माध्यम से चेयरपर्सन व ब्लॉक पार्षदों को बुलाया गया था। चेयरपर्सन समेत लगभग दो दर्जन सदस्य आए। इस दौरान कोई भी शिकायतकर्ता सामने नहीं आया। कार्यालय में आए ब्लॉक समिति सदस्यों ने कहा कि हमने कोई शिकायत नहीं दी है। लिहाजा नियमों के अनुसार, गुमनाम शिकायत दफ्तर दाखिल कर दी गई है।

**- मनीष फोगाट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद झज्जर**

# एक साल में 4 करोड़ 84 लाख से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा



**बहादुरगढ़।** नगर परिषद में एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक चार करोड़, 84 लाख, 60 हजार 369 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स आमजन द्वारा जमा करवाया गया। एक आरटीआई के जवाब में यह बात सामने आई है। टैक्स जमा कराने के बावजूद लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। कहीं टूटी गलियां तो कहीं बंद सीवर लाइन लोगों को परेशान कर रही हैं।

सतपाल हाड़ा ने कहा कि अप्रैल-2025 में नगर परिषद से आठ बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। हाल ही में आरटीआई का जवाब आया है। एक बिंदू जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी से संबंधित था, बाकी अन्य बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त हुई है। जवाब में सामने आया कि वर्ष-2022 से 2025 तक वार्ड- 21 (नेहरू पार्क एरिया) व वार्ड-22 (महावीर पार्क एरिया) में तीन वर्षों में कुल 73 लाख 50 हजार के विकास कार्य नगर परिषद द्वारा करवाए गए हैं। जबकि दोनों वार्डों में टूटी गालियां, बंद पड़े सीवर विकास कार्यों की पोल खोल रहे हैं। दोनों वार्ड सघन आबादी वाले क्षेत्र हैं। महावीर पार्क वार्ड की गली नंबर-4 जगह-जगह से टूटी हुई है व वार्ड-21 से गुजरने वाले पुराने बराही रोड की हालत बहुत ही खस्ता है। इस रोड पर तो अवैध कब्जों की भरमार है। वहीं, सालभर में चार करोड़ 84 लाख से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स लोगों ने जमा करा दिया। ऐसे में सुविधाओं के बदले में उन्हें केवल समस्याएं ही मिल रही हैं। बहादुरगढ़ को नगर निगम बनाने के मामले को पॉलिसी मैटर बताया गया है।

# बामड़ोली के हरदीप ने एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**बहादुरगढ़।** हिंद केसरी सोनू अखाड़े का पहलवान हरदीप बामड़ोली वियतनाम में आयोजित अंडर-17 एशियन चैंपियनशिप में छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए हरदीप ने अपने भारवर्ग में देश के लिए गोल्ड मेडल जीता है। उसकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। अखाड़े में लौटने पर उसका जोरदार अभिनंदन किया जाएगा। इन दिनों वियतनाम में अंडर-17 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप चल रही है। कई एशियाई देशों के पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं। मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास करने वाले हरदीप बामड़ोली ने भी जोर आजमाइश की। हरदीप ने 110 केजी ग्रीको रोमन में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अपने तमाम मुकाबले जीते। फाइनल में चीन के पहलवान को एक तरफा परास्त करके देश के लिए गोल्ड मेडल हासिल कर लिया। हरदीप गांव बामड़ोली का रहने वाला है। पिछले कुछ समय से अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहा है। इससे पहले अंडर-15 एशिया चैंपियनशिप में भी मेडल जीत चुका है। इसके अलावा नेशनल, स्कूल नेशनल में भी मेडल जीते हैं। कोच धर्मेंद्र दलाल ने बताया कि हरदीप बेहद होनहार पहलवान है। लगातार जीत दर्ज कर इलाके का मान बढ़ा रहा है। जैसे जैसे इसकी उम्र बढ़ेगी तो प्रदर्शन में और अधिक निखार आएगा। यकीनन आने वाले समय में देश के लिए कई मेडल जीतेगा। वहीं, हरदीप ने अपनी जीत का श्रेय कोच व परिजनों को दिया है।



- वियतनाम में चल रही है एशियन कुश्ती चैंपियनशिप

बहादुरगढ़। पदक विजेता हरदीप पहलवान। फोटो: हरिभूमि

# स्टेशन पर मिला शराब से भरा बैग



**बहादुरगढ़।** एसपी रेलवे नीतिका गहलोत के नेतृत्व में जीआरपी की ओर से ऑप्रेशन आक्रमण अभियान चलाया गया। बहादुरगढ़ में भी यह कार्रवाई देखने को मिली। यहां एसएचओ विनोद कुमार की अगुवाई में स्टेशन परिसर व आसपास जांच की गई। इस दौरान एएसआई राकेश कुमार की टीम ने प्लेट फार्म नंबर दो पर एक बैग बरामद किया। बैग की तलाशी ली तो उसमें देशी शराब के 64 पव्वे पाए गए। शराब कब्जे में लेकर टीम ने आगामी कार्रवाई शुरू की। जांच अधिकारी राकेश कुमार का कहना है कि मामले में तफ्तीश चल रही है। शराब कौन छोड़कर गया, ये पता लगाया जा रहा है। स्टेशन पर जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। आम नागरिकों से भी अपील है कि अपने सामान का ख्याल रखें। आसपास कुछ संदिग्ध नजर आए तो पुलिस को सूचित करें।

## ऑपरेशन आक्रमण: विभिन्न मामलों में 49 आरोपी पकड़े

# पुलिस की 64 टीमों ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार अलसुबह से दोपहर तक ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा जिले भर में छापेमार कार्रवाई की गई। प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत विभिन्न मामलों में 49 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले की 64 टीमों मे तैनात 298 कर्मचारियों द्वारा छापेमार कार्रवाई की गई। जिसमें सभी थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी, स्पेशल स्टॉफ व एंटी नारकोटिक सैल की विशेष छापामार टीमों का गठन किया गया। पुलिस की विशेष टीमों द्वारा सर्च अभियान के दौरान जिले के अलग अलग संभावित स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। जांच के दौरान दो आरोपियों को नशीले पदार्थ गांजा व स्मैक सहित पकड़ा गया।

- यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 122 वाहन चालकों के किए चालान

पकड़े गए आरोपी से 87 ग्राम गांजा व 9.28 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। जबकि पांच अवैध हथियार और 28 जिंदा कारतूसों सहित भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा तीन पीओ, 33 बेल जंपर व अन्य मामलों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन ना करने पर 122 वाहनों के चालान भी किए गए। जिनमें से ट्रिपल राइटिंग पांच, बिना हेलमेट दो, ब्लैक फिल्म लगे एक, लाल नीली बत्ती लगे आठ वाहनों, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 18 और अन्य 45 वाहन चालकों सहित कुल 122 चालकों के चालान किए गए।



झज्जर। ऑपरेशन आक्रमण के दौरान तलाशी लेते हुए पुलिसकर्मी।

# दिनभर आसमान में छाए रहे बादल, वातावरण में बढ़ी उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को आसमान में दिन भर बादल छाए रहे। जिसके कारण वातावरण में बढ़ी उमस के साथ लोगों की परेशानी भी बढ़ गई। लोगों का कहना है कि चिपचिपे मौसम के कारण कूलरों ने भी अब ठंडी हवाएं देना बंद कर दिया है।

रात के समय भी उन्हें कूलर को पानी बंद करके चलाना पड़ रहा है। ऐसे में भवन निर्माण में जुटे श्रमिकों का भी बुरा है। सोमवार को हुई हल्की बारिश ने गर्मी से कुछ राहत दिलाई थी लेकिन सुबह थोड़े समय के लिए निकली धूप ने वातावरण में उमस बना दी है।

अलसुबह से आसमान में छाए बादलों से लोगों को बरसात होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन शाम तक बारिश नहीं होने के कारण लोगों के हाथ निराशा ही लगी। विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में बरसात होने की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



झज्जर। सब्जी मंडी में फैला कीचड़ व कूड़ा। फोटो: हरिभूमि

### शहर की सब्जी मंडी का बुरा हाल

उधर, हल्की बरसात के कारण शहर की सब्जी मंडी का बुरा हाल है। लोगों को कीचड़ से होकर ही सब्जी खरीदने के लिए जाना पड़ रहा है। इस दौरान सब्जी मंडी में स्थापित की गई टिन शेड के चारों तरफ कीचड़ व कूड़े की भरमार है। जिसके कारण आढ़तियों को भी काफी परेशानी हो रही है।

### उमसभरी गर्मी ने किया परेशान


**बहादुरगढ़।** मंगलवार को आसमान में दिनभर बादल छाए रहे, बीच में हल्की बूंदाबांदी भी हुई लेकिन बदरा खुलकर नहीं बरसे। इस कारण दिनभर उमस भरा मौसम रहा। लोगों को गर्मी से काफी परेशानी हुई। रही सही कसर बिजली के कटों ने पूरी कर दी। दरअसल, बीते कुछ दिनों से तापमान में गिरावट है। तापमान लगातार 40 के नीचे चल रहा है। बेशक चिलचिलाती धूप नहीं निकल रही, लेकिन उमस लोगों को बहुत परेशान कर रही है। मंगलवार की सुबह ही आसमान में बादल छाए हुए थे। तेज बरसात के आसार बने लेकिन सुबह के वक्त कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी होकर रह गई। इसके बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे।



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

लाइफ Style



# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

टीवी मसाला



# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।



# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।





### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया। वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार


*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*




**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

## खबर संक्षेप

### खेड़ी सुल्तान गांव में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कल

**झज्जर।** वीरवार को क्षेत्र के गांव खेड़ी सुल्तान में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे।



सीटीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि गांव के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। जिनके माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी, पात्रता और लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई जाएगी।

### गुरुकुल महाविद्यालय में खुला खेलो इंडिया लघु केंद्र

**झज्जर।** जिला खेल अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि खेल संस्कृति को जिले में और सशक्त बनाने की दिशा में हरियाणा के खेल विभाग द्वारा गुरुकुल महाविद्यालय में कुश्ती खेल का खेलो इंडिया लघु केंद्र स्वीकृत किया गया है। यह केंद्र अब न केवल खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा, बल्कि पूर्व चैम्पियन एथलीटों को भी अनुभव साझा करने का मंच प्रदान करेगा। ग्रामीण प्रतिभाओं को अब दूर-दराज के खेल संस्थानों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी जिले में उन्हें उच्च स्तर की ट्रेनिंग मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में अनुभव के आधार पर पूर्व चैम्पियन एथलीट को जोड़ा जाएगा। जिसके लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## तीन जुलाई को लगेगी पहली कट ऑफ लिस्ट

# आईटीआई में दाखिले के आवेदन के लिए केवल दो दिन बचे शेष

■ जिले की 14 आईटीआई में आवेदन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए आवेदन करने के लिए दो दिन शेष बचे है। दाखिला शेड्यूल के अनुसार शुक्रवार तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आईटीआई एट गुढ़ा के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि जिले की 14 आईटीआई में आवेदन प्रक्रिया जारी हैं। उन्होंने बताया कि सभी आईटीआई संस्थानों में दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत कई कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने आईटीआई में कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए निशुल्क पासपोर्ट बनवाने की सुविधा भी दी है। उन्होंने बताया कि पहली कट ऑफ लिस्ट तीन जुलाई को जारी की जाएगी। पहली कट ऑफ में चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया चलेगी। उन्होंने बताया कि दाखिले से संबंधित दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी, दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट की कॉपी व मोबाइल नंबर के साथ साथ फैमिली आईडी को भी जरूरी किया गया है।



झज्जर। आईटीआई एट गुढ़ा में स्थापित हेल्प डेस्क पर जानकारी लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

#### जिले की आईटीआई में सीटों की स्थिति

जिले की 14 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों झज्जर एट गुढ़ा में 508, झज्जर एट गुढ़ा महिला में 152, आसौदा में 128, बहादुरगढ़ में 652, बहादुरगढ़ महिला में 176, भापडौदा में 284, छारा में 316, दूबलधन में 128, जहांगीरपुर में 152, मातनहेल में 568, साल्हावास में 504, खुड्डन में 192, पहाड़ीपुर में 172 तथा सैनिक परिवार भवन में 72 सीटों पर दाखिला आवेदन प्रक्रिया की जाएगी।

# विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सरकार द्वारा निषेध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष जागरुकता अभियान के अंतर्गत राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में प्राचार्य, प्राध्यापकों, सहायक कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशा करने से होने वाले नुकसान और मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलाई गई।



बहादुरगढ़। ड्रेस पहनें भापड़ोदा के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# 61 फुटबॉल खिलाड़ियों को ड्रेस भेंट की

**बहादुरगढ़।** ब्लॉक समिति की वाइस चेयरमैन विद्या संदीप राठी की ओर से गांव भापड़ोदा में फुटबॉल खिलाड़ियों को ड्रेस दी गई है। अंडर-10, 12 और 14 आयवर्ग के 61 बच्चों को यह ड्रेस मिली है। इस बारे में जानकारी देते हुए विद्या संदीप राठी ने कहा कि संसाधनों के अभाव में प्रतिभाएं पीछे नहीं रहनी चाहिए। इसलिए उन्होंने 61 बच्चों को ड्रेस बनवाकर भेंट की है ताकि वे सही तरह से खेल सकें। आगे भी बच्चों की मदद की जाती रहेगी। आम नागरिकों से भी अपील है कि अपने आसपास मौजूद प्रतिभाओं पर ध्यान दें। यदि उन्हें किसी चीज की दरकार है तो उनकी मदद करें। ये बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।

# श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा पाठ

■ जो व्यक्ति हनुमान जी की सच्चे मन से भक्ति करता है वह सदैव संकटों से दूर रहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के कोसली रोड स्थित आनंददास आश्रम में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत अजय दास महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि जो व्यक्ति हनुमान जी की सच्चे मन से भक्ति करता है वह सदैव संकटों से दूर रहता है। इसी कारण हनुमान जी को संकट मोचन कहा गया है। उन्होंने बताया कि उनके आश्रम में प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीराम जी स्मरण उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा भजनों के माध्यम से भी बजरंगबली की महिमा का गुणगान किया गया। गायक कलाकार उमा शंकर वर्मा ने खुश होंगे हनुमान राम राम किए जा भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर रजनीश, राजेंद्र, कालू, उमाशंकर वर्मा, दयानंद, अमित पंछी, सतबीर, चेतराम, चिंट्टू सक्सेना, हिमांशु सोलंकी, योगेश, समुंद्र सिंह, अंकित, अनिल, मास्टर महेश, रोशनी देवी, अनीता, नान्ही देवी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। हनुमान चालीसा पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# स्वास्थ्य कर्मियों ने किया पौधरोपण



झज्जर। पौधरोपण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों के साथ उपस्थित एमएस डॉक्टर नरेश दहिया। फोटो :हरिभूमि

■ अभियान के दौरान उन्होंने 300 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। मंगलवार को भी नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नरेश दहिया के साथ स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल प्रांगण में पौधे रोपित किए। डॉक्टर नरेश दहिया ने बताया कि इस अभियान के दौरान उन्होंने 300 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा है। इन पौधों में फल, फूल, छायादार व औषधीय पौधे शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से वे लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि स्वास्थ्यकर्मी लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के अलावा समाजिक कार्यों में भी अग्रसर है। इस मौके पर डॉक्टर प्रमिंद्र फोगाट, बलविंदर चीफ फार्मेसी अधिकारी, देवेंद्र, रेडियोलॉजिस्ट भूपेश, कविता , मुकेश, जगबीर राठी, आचार्य बलदेव, योग सहायक दयावती, पंचकर्म सहायक पुष्पा, जितेन्द्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## गणित ओलंपियाड में शौर्यवीर का प्रदर्शन उत्कृष्ट




झज्जर। छात्र शौर्यवीर को पुरस्कृत करते हुए संस्थान पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** गणित के अंतराष्ट्रीय ओलंपियाड स्तर तीन के परिणामों में पेस संस्थान के दो विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाई है। पेस ग्रुप के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि बीती 25 मई को दिल्ली में स्तर तीन की परीक्षा हुई। जिसमें उनके संस्थान के छठी कक्षा के छात्र शौर्यवीर ने 6वीं रैंक तथा आर्यन छिक्कारा ने 7वीं रैंक हासिल की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर जय विकास ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए उनकी तैयारी कराने वाले गणित शिक्षक पदम, विजय और ज्योति के प्रयासों की सराहना की है।

### अवैध निर्माण पर फिर चली डीटीपी की जेसीबी

**रेवाड़ी।** डीटीपी की कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। मंगलवार को डीटीपी की ओर से धारूहेड़ा की ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माणों पर तोड़फोंड की गई। इसके अलावा डीटीपी ने महेन्द्रगढ़ रोड, नारनौल रोड व कोसली रोड पर 8 अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया। वही डीटीपी की ओर से धारूहेड़ा की राजस्व सीमा में अवैध कॉलोनी में तोड़पौड़ की गई। डीटीपी विभाग की टीम मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ धारूहड़ा के पांचौर में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान 5 डीपीसी, 2 चारदीवारी व अवैध निर्माणों को जमींदाज किया गया।

# कराटे खिलाड़ियों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हाल ही में नजफगढ़ में हुई सेकंड दिल्ली एनसीआर कराटे चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ स्थित जुनून कराटे डोजो के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के कई खिलाड़ियों ने मेडल जीते। पदक विजेताओं का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए कोच पंकज ने बताया कि दिल्ली व हरियाणा के काफी खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया था। हमारी एकेडमी के योगेश, विवेक, भारती, कुमुद व समीक्षा ने गोल्ड तथा सिलवर मेडल जीते। उन्होंने कहा कि ये सभी खिलाड़ी बेहद होनहार हैं। लगातार बेहतर प्रदर्शन कर इलाके का नाम रोशन कर रहे हैं।



बहादुरगढ़। अतिथि व आयोजकों के साथ पदक विजेता कराटे खिलाड़ी।

### एसयूसीआई ने की बिजली दरों में हुई वृद्धि की निंदा

**झज्जर।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया ने बिजली दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि की कड़े शब्दों निंदा करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अनूप सिंह मातनहेल और प्रदेश सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि बिजली एक मौलिक जरूरत बन चुकी हैं, बिजली मुनाफा कमाने का जरिया नहीं है। यह बढ़ोतरी केंद्र सरकार द्वारा पारित बिजली बिल 2022 जो संपूर्ण बिजली के निजीकरण में एक बड़े जनविरोधी प्रावधान को लागू करने में एक कदम है। सरकार प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर भी इसी उद्देश्य से बिजली उपभोक्ताओं पर जबरदस्त थोपने की तैयारी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर बिजली के बढ़े रेट वापस नहीं हुए तो एसयूसीआई उपभोक्ताओं को साथ लेकर आंदोलन करेगी।

■ अगर बिजली के बढ़े रेट वापस नहीं हुए तो एसयूसीआई उपभोक्ताओं को साथ लेकर आंदोलन करेगी

## जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा

# जिले में विशेष अभियान के तहत 399 बच्चों का किया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक की आयु के उन बच्चों को आवश्यक टीके लगवाना, जो किसी कारणवश नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। आगामी 28 जून तक जिलेभर में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इससे जानलेवा व गंभीर बीमारियों जैसे कि गलघोंटू, टेटनस, निमोनिया, तपेदिक, टीबी, काला पीलिया, दस्त, कुत्ता खांसी, पोलियो, दिमागी बुखार, खसरा-रूबेला आदि से शिशुओं को सुरक्षा प्राप्त होती है। सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र की आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता या एएनएम से संपर्क करें और अपने बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान बच्चों को डिजिटल टीकाकरण प्रमाण पत्र भी यू-विन ऐप के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अभी तक 399 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है।



झज्जर। टीकाकरण अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

# नप चेयरमैन ने किया पार्कों का दौरा

### व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश



झज्जर। शहर के टाउन पार्क के दौरे के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने नप अधिकारियों की टीम के साथ शहर के टाउन पार्क और एमसी पार्क का दौरा किया। यहां पहुंचने पर लोगों ने पार्कों की अव्यवस्थाओं के बारे में बताया और उनका समाधान करने की बात कही। जिसको लेकर नप चेयरमैन ने व्यवस्थाओं को जल्द दुरूस्त करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टाउन पार्क में टूटे झूलों को ठीक करवाया जाए, कैनोपी को दुरूस्त किया जाए, दीवारों पर पेंटिंग करवाई जाए और सभी फुटपाथों पर लाईटिंग व्यवस्था की जाए। इसके अलावा टायलेट व पूरे पार्क परिसर की सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, पार्षद किशोर सैनी, पार्षद प्रतिनिधि नवीन छाबड़ा, एमई नरेंद्र तनेजा, जेई लोकेश भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, दिनेश कुमार पुत्र श्री राम किशन शर्मा पुत्र मीठाराम निवासी सिलानी जालिम तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमीत मेरे व मेरे परिवार के कहने- सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन देन और व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जम्मीवारी नहीं होगी

**NOTICE**

I, Simpy W/o Ankur Gupta R/o 33, Near MC Park, Aggarwal Colony, Bahadurgarh, Distt.Jhajjar, Haryana, declare that I have changed my name from Simpy to Simpy Gupta.

**सूचना**

मैं, विजय सिंह पुत्र श्री दरिया निवासी गांव लुकसर 68, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा 124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र बलराम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। प्रशासक सोरन सिंह का स्वागत करते सभा के वरिष्ठ सदस्य।

### सोरन सिंह बने सभा के प्रशासक

**बहादुरगढ़।** दिल्ली सरकार से जिलाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त सोरन सिंह सहरावत को डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए एडमिनिस्टर नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें उप रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसाइटी की ओर से दी गई है। सोरन सिंह ने संस्था के प्रशासक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया और शीघ्र निष्पक्ष चुनाव कराने का अनुरोध किया। धर्मवीर, राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, प्रेम तंवर, वीरेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह का भी संस्थान के प्रधान रहे उमेद सिंह, सुभाष चंद्र, मोहन सिंह, रामभगत आदि ने स्वागत किया।

### बिजली दर बढ़ोतरी पर संगठन ने जताई नाराजगी

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मज़दूर संगठन ने बिजली दरों में की गई भारी भरकम वृद्धि की कड़ी आलोचना की तथा इसे वापस लेने की मांग की है। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने बताया कि हरियाणा सरकार ने फ़िक्स चार्ज लगाकर व रेट बढ़ाकर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। बिजली के रेट पहले ही बहुत अधिक थे। जनहित के खिलाफ हरियाणा सरकार ने एक बार फिर बिजली दरों में कटौती की बजाय वृद्धि कर दी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पहले ही महंगाई से परेशान हैं। रोज़गार के लिए युवा दर दर की ठोकरें खा रहे हैं।

### डीसी ने 15 जून तक नालों की सफाई करने के दिए थे निर्देश

# मानसून देने वाला है दस्तक, अधूरी पड़ी नालों की सफाई, बरसात में होगा जलभराव

- अधिकांश क्षेत्रों में नालों के ऊपर लोगों ने कर लिया है अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी कुछ दिनों में ही मानूसन दस्तक देने वाला है। लेकिन शहर में नालों की सफाई अभी अधूरी है। जिसकी मुख्य वजह यह भी है कि अधिकांश क्षेत्रों में नालों के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है।

कहीं पर बड़े बड़े रैंप बना दिए है तो कहीं पर टाईलें तक बिछा दी गई है। इसके अलावा कई स्थानों पर प्रवासी लोगों द्वारा दुकानें लगाई जा रही है। ऐसे में नालों की साफ सफाई होना नामुमकिन सा ही लग रहा है।

हालांकि डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने पंद्रह जून तक नालों की सफाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसके बावजूद भी नालों की साफ सफाई का कार्य आधा अधूरा है। ऐसे में आगामी बरसात के दिनों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



झज्जर। शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में हुआ जलभराव। फोटो: हरिभूमि

#### हल्की बारिश ने खोली जलनिकासी के दावों की पोल

सोमवार सांय हल्की बरसात ने ही जल निकासी के दावों की पोल खोल कर रख दी। सीताराम गेट में नालों की सफाई अच्छे तरीकें से नहीं होने के कारण जलभराव हो गया। वहीं मेन बाजार में अंबेडकर चौक से नेता जी सुभाष चंद्र चौक तक अंडर ग्राउंड नालियों की सफाई नहीं होने के कारण दुकानों के बाहर हुए जलभराव कारण दुकानदारों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दुकानदार स्वयं पानी निकालते हुए दिखाई दिए।

## बरसात को देखते हुए यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। लोगों को जागरूक करते इंस्पेक्टर महेश कुमार। फोटो: हरिभूमि

बरसात के मौसम में यातायात की सुविधा के लिए पुलिस की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। बरसात व जलभराव के कारण होने वाले हादसों से कैसे बचें आदि के बारे में लोगों को समझाया गया। मंगलवार को ट्रैफिक थाना प्रबंधक महेश कुमार ने वाहन चालकों को समझाते हुए कहा कि तेज बारिश में मोटर कार, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की गति सामान्य होनी चाहिए। अधिक गति होने पर पहिए फिसल जाते हैं और वाहन अनियंत्रित हो जाता है। घर से निकलने से पहले अपने वाहनों के कल-पूर्जे के सही काम करने की स्थिति जांच लेनी चाहिए। जिसमें क्लिच ब्रेक का अच्छी तरह काम करना महत्वपूर्ण है। रोड पर दर्शाई गई स्पीड के अनुसार ही वाहन चलाना चाहिए। दोपहिया वाहन को बिना हेलमेट के नहीं चलाना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। बहते पानी वाले स्थान पर गाड़ी धीमी गति में चलाना चाहिए। कई स्थानों पर पानी सड़क पर जमा हो जाता है। जिस कारण वाहन चालकों को सड़क पर उपस्थित गड्ढे दिखाई नही देते हैं। इससे बचने के लिए लोगों को चाहिए कि वे बारिश के मौसम में यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित मानक रुट पर चलें। पुलिस प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क तथा प्रतिबद्ध है। आमजन भी जागरूकता दिखाएं।



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### एनसीबी के हत्थे चढ़ा अंतरराज्यीय नशा तस्कर

**बहादुरगढ़।** प्रदेश को नशामुक्त करने के लिए एनसीबी लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एनसीबी करनाल यूनिट ने बहादुरगढ़ इलाके में एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को काबू किया है। आरोपी के पास से 521 ग्राम चरस बरामद हुई है। मामले में जानकारी देते हुए हरियाणा एनसीबी करनाल यूनिट के इंचार्ज विरेंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई नरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ बहादुरगढ़ शहर में थे। तभी सूचना मिली कि अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार में लिप्त एक अंतरराजीय तस्कर दिल्ली-रोहतक रोड पर एमआईई में स्थित एक अस्पताल के पास है। वह तस्करी की मंशा में है। इस पर टीम तुरंत मौके पर गई और आरोपी को काबू किया। आरोपी की पहचान इकराम निवासी अमरोहा यूपी के रूप में हुई। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 521 ग्राम चरस बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में एनडीपीएस की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आमजन से अपील है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री न. 90508-91508 पर सूचना दें।

## पूर्व विधायक ने बिजली दर बढ़ोतरी की निंदा की

- जनता को राहत देने के बजाय उनकी परेशानी बढ़ा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



पूर्व विधायक राजेंद्र जून

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दामों में की गई भारी वृद्धि की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता को राहत देने के बजाय उनकी परेशानी बढ़ा रही है। एक ही झटके में बिजली चार गुना तक महंगी कर दी है, जिससे उपभोक्ताओं का बजट गड़बड़ा गया है। जून ने कहा कि बीजेपी जब से सत्ता में आई है, लोगों को इसी तरह महंगाई की चक्की में पीस रही है। जिन आम परिवारों को 900 से 1000 रुपये तक बिजली का बिल देना पड़ता था, उन्हें चार से पांच हजार रुपये का बिल थमाया जा रहा है। पहले दरें स्लैब वाइज थी, यानी 50 यूनिट या इससे ज्यादा इस्तेमाल पर 2.50 रुपये से 6.30 रुपये प्रति यूनिट खर्च होता था। अब पांच किलो वाट से अधिक लोड होने पर 6.50 से 7.50 रुपये प्रति यूनिट वसूला जा रहा है। अलग से स्लैब वाइज बिजली के दामों में भी 20 से लेकर 40 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी हुई है। इतना ही नहीं विभिन्न कैटेगरी के लिए बनाए गए स्लैब में भी बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को बढ़ी हुई बिजली की दरें तुरंत वापस लेनी चाहिए।

## आपातकाल की बरसी पर प्रदर्शनी आज

- दिल्ली-रोहतक रोड स्थित हरि गार्डन में आज होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते जिलाध्यक्ष विकास व अन्य नेता।

भारतीय जनता पार्टी बुधवार 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है। इसी सिलसिले में बहादुरगढ़ में दिल्ली-रोहतक रोड स्थित हरि गार्डन में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा सरकार में मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कैप्टन भूपेंद्र सिंह व वीर कुमार यादव शिरकत करेंगे। मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि, भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह शेखावत, पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, पार्षद प्रतिनिधि कर्मबीर शर्मा सहित अन्य ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता झज्जर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि करेंगे। कार्यक्रम के जरिये आपातकाल की विभीषिका के बारे में बताया जाएगा। साथ ही आपातकाल संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आपातकाल के दौरान जिन लोगों ने अत्याचार सहा और जेल यातनाएं सही उन महान विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में चारों विधानसभाओं से पार्टी के प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, जिला परिषद, ब्लाक समिति चेयरमैन, जिला पदाधिकारी, पार्षद व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

## नीलम बनीं इनेलो महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष



**बहादुरगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा प्रदेश में संगठन को मजबूती देने के लिए कार्यकारिणी गठित की जा रही हैं। इसी कड़ी में नीलम ढिल्लो को इनेलो महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। अपनी नियुक्ति के लिए नीलम ढिल्लो ने इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, इनेलो की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला एवं महिला प्रदेशाध्यक्ष तनुजा कश्यप व इनेलो की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी का आभार जताया है। ढिल्लो ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएंगी। बाला राठी, कपूर सिंह राठी, पार्षद जितेंद्र राठी, इनेलो के जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी, एससी सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सुखबीर सरोहा, सोनू सैनी, मोनिका राठी, अनीता सैनी, पूनम राठी, ईशा डोरा, इंदू परमार, दीपिका, गुड्डी, सविता, अंजू मांडोठी, शांति आदि ने नीलम ढिल्लो को बधाई दी है।

## बेरुखी के कारण बर्बाद हो रहे पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



भूपेंद्र सिंह राठी

- इनेलो नेता का आरोप: देखरेख के लिए काफी पैसा खर्च, लेकिन बिगड़ रही पार्कों की दशा

पार्क लोगों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए बनाए जाते हैं लेकिन यहां इनकी हालत खराब है। कहीं सफाई नहीं होती तो कहीं नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। इस वजह से आम नागरिक इन पार्कों से दूरी बनाने लगे हैं। इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने पार्कों की अनदेखी तथा उनकी देखरेख के लिए किए जाने वाले खर्च पर सवाल खड़े किए हैं।

भूपेंद्र राठी का कहना है कि नगर परिषद द्वारा अलग-अलग पार्कों के लिए रख-रखाव के टेंडर लगाए गए, लेकिन पार्कों में साफ-सफाई की व्यवस्था व रख-रखाव न करवाना जानबूझ कर पार्कों को बर्बाद करने का षडयंत्र है।

परिषद ने पिछले दिनों भी पार्कों के रख-रखाव के लिए अलग-अलग संस्थाओं को भारी भरकम रकम देकर जिम्मेवारी सौंपी, लेकिन उस पैसे का पार्कों के सुधार में सही तरीके से प्रयोग नहीं किया गया। जिस कारण पार्क बदतर हो गए हैं। अब एक बार फिर नगर परिषद ने इसकी जिम्मेवारी के लिए विभिन्न बैंक प्रबंधकों से मीटिंग की है और बैंकों को पार्कों के रख-रखाव की जिम्मेवारी सौंपने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि यदि जनता के पैसों की बर्बादी करनी ही थी तो संस्थाओं को पार्कों के रख-रखाव की जिम्मेवारी क्यों सौंपी गई, यह भी जांच का विषय है।

केवल जनता द्वारा टैक्स के रूप में दिए जा रहे धन को संबंधित लोग अपनी जेबों में भरने का काम कर रहे हैं। देवीलाल पार्क, शहीद राव तुलाराम पार्क, किला मोहल्ला स्थित लक्ष्मणदास म्युनिसिपल पार्क, भगत सिंह पार्क सहित विभिन्न पार्कों की हालत दयनीय है।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद बीके अनुयायी। फोटो: हरिभूमि

## प्रथम आध्यात्मिक अध्यापिका का स्मृति दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- नारी शक्ति की जीती-जागती प्रतिमूर्ति थीं मम्मा: ब्रह्माकुमारी विनीता

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेक्टर-2 सेवाकेंद्र पर ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम आध्यात्मिक अध्यापिका मातृ शक्ति मां जगदंबा सरस्वती (मम्मा) का स्मृति दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी विनीता ने मां सरस्वती के पावन जीवन की विशेषताओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मम्मा नारी शक्ति की जीती-जागती प्रतिमूर्ति थीं। उनमें दृढ़ता, निष्ठा, सेवा-भावना और वात्सल्य प्रेम कूट-कूटकर भरा हुआ था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अनुयायियों ने मम्मा की दिव्य स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके गुणों को स्वयं के जीवन में धारण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बीके रूबी, लक्ष्मी, कोमल, समेत शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिकों की सहभागिता रही। सेक्टर-2 के अलावा अग्रवाल कॉलोनी, सेक्टर-13, नई बस्ती, ओमेक्स सिटी व सेक्टर-9 के सेवाकेंद्रों पर भी यह कार्यक्रम मनाया गया।

## पंचकर्म से हो रहा रोगों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पंचकर्म चिकित्सा विभिन्न बीमारियों के एक सशक्त समाधान के रूप में उभर रही है। इसी दिशा में आयुष विंग बहादुरगढ़ में पंचकर्म चिकित्सा का संचालन करते हुए लोगों को अनेक बीमारियों से स्वस्थ जीवन प्रदान किया जा रहा है। डॉ. सुमन देशवाल ने बताया कि डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल के दिशा-निर्देशन में कार्य करते हुए आयुष विंग में विभिन्न प्रकार की शुद्धिकरण और उपचार प्रक्रियाएं अपनाकर रोगियों को विशेष लाभ प्रदान किया जा रहा है। पुरानी बीमारियों, प्रतिरक्षा विकारों, तथा जीवनशैली जनित रोगों का यहां जिन्हें पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से ईलाज किया जा रहा है। इन क्रियाओं से शरीर के अंदर जमा विषैले तत्वों का निष्कासन, प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूती, मानसिक तनाव में कमी, ऊर्जा, उत्साह व एकाग्रता में वृद्धि, पुरानी बीमारियों में राहत व पुनर्प्राप्ति आदि लाभ होते हैं। आयुष विंग बहादुरगढ़ का यह प्रयास न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में बल्कि जन जागरूकता और स्वास्थ्य-प्रोत्साहन की दिशा में भी सराहनीय है। यहां आने वाले रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जो आयुर्वेदिक पद्धति पर उनके भरोसे को दर्शाती है।



बहादुरगढ़। आयुष विंग में मरीजों का इलाज करतीं डॉ. सुमन देशवाल। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**झज्जर।** 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन झज्जर एवं बहादुरगढ़ न्यायिक परिसर में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्राधिकरण की ओर से जिला न्यायालय परिसर में तथा जिला एडीआर सेंटर में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्चाधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया। जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन बिजली निगम, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिससे आम जनता को लोन रिकवरी केस में अधिकतम छूट वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके।

### मानसिक स्वास्थ्य व सकारात्मक सोच पर सेमिनार का आयोजन

## शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए मन का शांत और संतुलित रहना बहुत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-2 सेवा केंद्र द्वारा सेक्टर-6 स्थित ईसीएचएस पॉली क्लिनिक में मंगलवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय मानसिक स्वास्थ्य एवं मन-शरीर का संबंध रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कर्नल राजेंद्र सिंह ने बीके दीपा व संदीप का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान गांव-गांव, गली-गली में लोगों को मानसिक रूप से सशक्त करने का अनुपम कार्य कर रहा है। डॉ. प्रणव शेखर, डॉ. जयंत कुमार, नायब सूबेदार करतार सिंह, राजबीर सिंह, संदीप कुमार, महेंद्र सिंह, खेम सिंह, मीर सिंह, गणपत राव, संतरा देवी, सुनीता, सुमन, रूपा, नीतू, बिंदु, प्रमोद, मोतीलाल, डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और मरीज उपस्थित रहे। बीके दीपा ने कहा कि शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए मन का शांत और संतुलित रहना बहुत आवश्यक है। जब मन खुश होता है, तब शरीर स्वयं स्वस्थ रहने की दिशा में काम करता है। बीके संदीप ने मन और शरीर के वैज्ञानिक संबंध को सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि हम जो संकल्प अपने मन में बार-बार करते हैं, वही शरीर में प्रतिक्रिया के रूप में दिखाई देते हैं। अगर मन में बार-बार क्रोध आता है तो शरीर की इम्यूनिटी पावर कमजोर हो जाती है। यदि हम अपने मन को नियंत्रित कर लें, उसे पॉजिटिव दिशा में चला लें, तो कई दवाओं की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद बीके दीपा, संदीप, डॉक्टर व डिस्पेंसरी का स्टाफ। फोटो: हरिभूमि